>

Title: Regarding incident of lathi charge on the workers of Bhartiya Janta Party in Lucknow.

प्रो. रामशंकर (आगरा): माननीय अध्यक्ष महोदया, कल 14 तारीख को उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और हमारे लखनऊ के माननीय सांसद लालजी टंडन और अनेक नेताओं के ऊपर जिस ढंग से उत्तर प्रदेश की सरकार ने लाठी चार्ज किया और घरों में घुसकर तोड़फोड़ की है, वह अमानवीय है। मैं बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की सरकार नगर-निगम के चुनावों को ध्यान में रखकर, उनका नगर-निगम में कहीं भी मेयर न होने के कारण, भयभीत होकर, प्रदेश में एक कानून लायी है। उस कानून के खिलाफ, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन देने के लिए शांतिपूर्वक जा रहे थे। माननीय सांसद, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे शांतिपूर्ण जुलूस पर लाठी चार्ज किया गया तथा घरों में घुसकर गाड़ियां तोड़ी गयी, महिलाओं के ऊपर लाठी चार्ज हुआ है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की सरकार निरंकुश है और उसके द्वारा बनाये गये काले कानून को बढ़ावा मिलेगा। वहां पर जंगल राज के खिलाफ हमारी मांग है कि उत्तर प्रदेश की सरकार को भंग किया जाए क्योंकि पूरे उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था पूरी तरह से समाप्त हो गयी है।

अध्यक्ष महोदया : अगर कोई भी सदस्य अपना नाम एसोसिएट कराना चाहता है तो पटल पर अपना नाम भेज दीजिए। श्री कौशलेन्द्र कुमार। आप बैठ जाइये। हमारे पास केवल एक सांसद का नोटिस था उसने बोल दिया है, आप बैठ जाइये। हमने कौशलेन्द्र कुमार का नाम बोल दिया है उन्हें बोलने दीजिए, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)